<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–21 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सावन के दूसरे सोमवार को प्रदेश भर के शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, पवित्र नदियों के जल से हो रहा है भगवान शिव का जलाभिषेक, श्रद्धालुओं और कावड़ियों की सुरक्षा के लिए किए गए हैं कड़े सुरक्षा इंतजाम।
- आज से शुरू हो रहा है संसद का मानसून सत्र, सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा–सरकार ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार।
- गाजियाबाद के हिंडन सिविल टर्मिनल से दस नई वाणिज्यिक उड़ानों की हुई शुरुआत, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा–हिंडन टर्मिनल से उड़ान सेवाएं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ–साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए भी खोलेंगी विकास के नए द्वार।
- काशी घोषणा पत्र के साथ वाराणसी में नशा मुक्त युवा विषय पर युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन का हुआ समापन।

**********

आज पवित्र सावन माह का दूसरा सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेश भर के शिवालयों में तड़के से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा हुआ है। सावन के दूसरे सोमवार पर पवित्र नदियों से जल भर कर प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक करने पहुंचे कांवड़ियों के लिये प्रशासन की तरफ से विशेष इंतजाम किये गये हैं। प्रमुख कांवड़ मार्गों पर सरकार की तरफ से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जायेगी। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कई जगहों पर रुट डायवर्जन किया है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दूसरे सोमवार पर वाराणसी में बाबा विश्वनाथ का गौरी–शंकर स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया है। यहां प्रदेश के साथ ही देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ को जलाभिषेक करने पहुंचे हैं। भगवान राम की नगरी अयोध्या भी शिवमय हो गयी है। श्रद्धालु सरयू स्नान के बाद नागेश्वरनाथ महादेव का सरयू के जल से अभिषेक कर रहे हैं। प्रदेश के सभी शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का उल्लास छाया हुआ है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों का दौरा कर कांवड़ यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कई जगहों पर कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की। मुख्यमंत्री ने मेरठ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार की तरफ से कांवड़ यात्रियों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कांवड़ यात्रा की आड़ में उपद्रव करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा पूरी होने के बाद उपद्रवियों की पहचान कर उनके पोस्टर सार्वजनिक किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों से भी व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

***मेरी विनम्र अपील होगी सभी श्रद्धावान शिव भक्तों से जो कांवड़ लेकर के शिवालियों में जलाभिषेक करने के लिए आ रहे हैं कि शिव लोक मंगल के देवता हैं हम सबका दायित्व बनना चाहिए हम कांवड़ यात्रा भगवान शिव को नमन करने के लिए उनकी प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त करनेके लिये जो ले जा रहे हैं, इसमें हम दूसरों की भी परेशानी को समझे।***

मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग और मेरठ–मुजफ्फरनगर मार्ग का हवाई निरीक्षण किया।

**********

संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। इससे पहले दोनों सदनों की कार्यवाही का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कल सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया। राज्यसभा में सदन के नेता और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लोकसभा और राज्यसभा में विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने विपक्ष से दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

***हमने ये रिक्वेस्ट किया है कि सदन अच्छे से चले, उसके लिए पक्ष और विपक्ष मिलकर के हमको काम करना होगा, आपस में कार्डिनेशन अच्छी तरह से रखना होगा। हम पॉलिटिकल्स पार्टिस अलग–अलग विचारधारा का हो सकता है, मगर पार्लियामेंट का सदन अच्छी तरह से चले ये सबका जिम्मेदारी है। अपोजिशन का भी जिम्मेदारी है और सरकार का भी जिम्मेदारी है।***

केंद्रीय मंत्री श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद में ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है।

**********

प्रतापगढ़ जिले में भदरी से लालगोपालगंज रेलवे स्टेशन के बीच फाफामऊ लखनऊ रेलमार्ग पर कल शाम ओवरहेड इक्विपमेंट लाइन–ओएचई टूट जाने से कई ट्रेनों का संचालन कुछ घंटों के लिए प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही रेलवे के विद्युत विभाग की टीम को प्रभावित ओएचई लाइन को ठीक करने के लिए लगा दिया गया। लाइन ठीक होने के बाद ट्रेनों का संचालन बहाल कर दिया गया है।

**********

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने कल गाजियाबाद के हिंडन सिविल टर्मिनल से दस नई वाणिज्यिक उड़ानों का उद्घाटन किया। इसके साथ ही देश के दस बड़े शहरों तक हिंडन टर्मिनल से सीधी उड़ान सेवा कल से शुरू हो गयी। इन शहरों में

बेंगलूरू, कोलकाता, वाराणसी, इंदौर, चेन्नई, अहमदाबाद, पटना, गोआ और मुंबई शामिल हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिंडन टर्मिनल से उड़ान सेवाएं न सिर्फ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए बल्कि समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए भी विकास के नए द्वार खोलेंगी।

***ये हिंडन के पौटेंशियल को दर्शाता है कि यह दिल्ली का एक बैकबोन एयरपोर्ट बनने वाला है। यहां का जो एटचमेंट एरिया है गाजियाबाद से लेकर नोएडा वेस्टर्न उत्तर प्रदेश और काफी हद तक दिल्ली का भी उन सबके लिए भी इतने पास में एक अच्छा सा एयरपोर्ट बना है तो वह सब रिलाइज करने लगे कि हम हिंडन से भी हम अच्छी तरह ट्रेवल कर सकते हैं।***

इस अवसर पर केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के मामले में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो–एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट से किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। अंतिम रिपोर्ट आने तक दुर्घटना को लेकर किसी तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है।

**********

वाराणसी में चल रहे विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन का कल काशी घोषणा पत्र के साथ समापन हो गया। संकल्प पत्र में नशा मुक्त युवा के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर केंद्रीय युवा एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य में युवा नशा मुक्त हो इसके लिए काशी संकल्प पत्र के माध्यम से रोडमैप तैयार किया गया है।

***चिंतन–मनन के आधार पर आपके सामने आंशिक संकल्प पत्र के रूप में हमारा रोडमैप को रिक्रिएट किया है हम सब लोग एक समान वैकल्पिक एक मुहिम के रूप में एक बड़ा अभियान के रूप में हम विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिये देश को नशामुक्त अभियान के साथ जुड़ेंगे।***

सम्मेलन के आखिरी दिन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने भी सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस चिंतन ने नशा मुक्ति के खिलाफ एक राष्ट्रीय चेतना का बीजा रोपण किया है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कहा कि काशी के चिंतन शिविर ने देश को एक नई दिशा देने का कार्य शुरू किया है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर और नितिन अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इसी क्रम में, केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कल वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के तहत विशेष आयोजन 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' अभियान का भी नेतृत्व किया। उन्होंने साइकिल चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दो दिनों तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है। इस बीच, रुक रुक कर हो रही मानसूनी वर्षा से प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं।

**********